समाचार

बेहतर प्लानिंग–उच्च क्वालिटी व थीम आधारित हो अशोक वाटिका के उन्नयन का कार्य – कलेक्टर

(कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अशोक वाटिका पहुंचकर किया स्थल निरीक्षण, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय व अधिकारियों के साथ की प्लानिंग पर चर्चा, बेहतर प्लानिंग हेतु दिया मार्गदर्शन)

कोरबा 13 अप्रैल 2022 – कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि अशोक वाटिका के उन्नयन, जीर्णोद्धार व नवनिर्माण का कार्य एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें, कार्य की उच्च क्वालिटी सुनिश्चित कराएं, वाटिका उन्नयन हेतु जोनवार रिव्यू–प्लानिंग तैयार कर 01 सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें। उन्होने कार्य की प्लानिंग पर मार्गदर्शन देते हुए वाटिका उन्नयन के विविध कार्यो व व्यवस्थाओं को थीम आधारित, आकर्षक व उच्च गुणवत्तायुक्त बनाए जाने के निर्देश दिए।

आज कलेक्टर श्रीमती रानू साहू अधिकारियों की टीम के साथ अशोक वाटिका पहुंची। उन्होने निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ अशोक वाटिका उन्नयन व नवनिर्माण कार्य की प्लानिंग का अवलोकन कर इस पर विस्तार से चर्चा की तथा कार्य की जोनवार रिव्यू–प्लानिंग तत्काल तैयार कर 01 सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा अशोक वाटिका उन्नयन कार्य की घोषणा की गई थी, जिसके परिपालन में जिला खनिज न्यास मद से 10 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत करते हुए कार्य की निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, उन्होने कहा कि मेरा प्रयास है कि अशोक वाटिका में बुजुर्ग युवा, बच्चों, महिलाओं आदि सभी आयु वर्ग के लिए पर्यटन, मनोरंजन, स्वास्थ्य, योगा प्राणायाम व खेल सुविधाएं मुहैया कराई जाए ताकि दिनभर के कार्य की थकान के बाद लोग यहॉ पर सुकून के साथ अपना समय व्यतीत करते हुए खुद को तरोताजा महसूस करें।

थीम आधारित व उच्चतम क्वालिटी पर फोकस— कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अशोक वाटिका उन्नयन कार्य के विभिन्न अवयवों को थीम आधारित बनाए जाने एवं कार्य की उच्च क्वालिटी पर विशेष फोकस रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता कतई न करें, सभी सामग्रियॉ व उपकरण उच्च क्वालिटी की हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि लैण्ड स्केपिंग, वाटरफाल व रॉक गार्डन, लाईटिंग, प्लांटेशन, पाथवे व वाकिंग एरिया, वर्टिकल गार्डन सहित अन्य कार्य थीम आधारित कराए जाएं। उन्होने वेंडर जोन व चौपाटी के लिए स्थल चिन्हाकित कर उसे भी प्लानिंग में शामिल करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। साथ ही पृथक–पृथक रंगों में डिजाईनयुक्त फ्लावर जोन, पाथवे में कलरफुल फोकस लाईट, चिल्ड्रन प्ले एरिया में व अन्य स्थलों में आधुनिक उपकरण, प्रवेशद्वार को भव्यतम स्वरूप देने, पाथवे के दोनों ओर प्लांटेशन सहित अन्य विविध कार्यो व व्यवस्थाओं को रिव्यू–प्लानिंग में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए।

सभी सुविधाओं से युक्त होगा अशोक वाटिका — अशोक वाटिका उन्नयन, जीर्णोद्धार व नवनिर्माण कार्य में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए पर्यटन, मनोरंजन व खेलकूद सुविधाएं शामिल की गई हैं। इसके तहत ओपन थियेटर, सिटिंग जोन, रेल ट्रेक, ओपनजिम एरिया, बोटिंग जोन, रिडिंग जोन, वाटरफाल व रॉक गार्डन, हर्बल गार्डन, कैफेटेरिया, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कलरफुल फाउण्टेन, बटरफ्लाई जोन, वाटरबाडी, स्टेप्ड गार्डन, म्यूजिकल फाउण्टेन, रिलेक्सीन एरिया, स्पोर्ट्स जोन साईकिलिंग ट्रेक, फ्लावर जोन, वर्टिकल गार्डन, योगा जोन, फूड जोन, वेंडर जोन व चौपाटी, स्टोन फाउण्टेन, पार्किंग एरिया, लैण्ड स्केपिंग, लॉन एरिया, प्लांटेशन, उद्यानिकी, पाम कलस्टर, महिला–पुरूषा के लिए पृथक–पृथक टायलेट सुविधा, टिकट काउंटर, बाउण्ड्रीवाल व भव्य प्रवेशद्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

इस अवसर पर निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, विनोद गोड़, निर्माण कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि अभिषेक गोयल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।